राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल की कन्नड़ के विख्यात साहित्यकार भैरप्पा के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 25 सितंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कन्नड़ भाषा के विख्यात साहित्यकार एस. एल. भैरप्पा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारतीय दार्शनिक परंपरा के ज्ञान के साथ ही भैरप्पा मानवीय संवेदना और सामाजिक जीवन की अंतर्दृष्टि के विरल शब्द चितेरे थे। उनका साहित्य जन मानस को उद्वेलित कर संस्कारित करने वाला था।

राज्यपाल ने पुण्यात्मा की शांति और परिजनो, पाठकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

----